राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

नौ विश्वविद्यालयों में दीक्षांत समारोह दिसम्बर में होंगे

जयपुर, 22 अक्टूबर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने 9 राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोहों की तिथियां तय कर दी है। राज्यपाल श्री मिश्र चाहते है कि विश्वविद्यालयों में कोई डिग्री पेंडिग नही रहनी चाहिए और छात्र–छात्राओं को समय पर डिग्रियां मिल जानी चाहिए।

राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मिश्र द्वारा तय किये गए कार्यक्रम के अनुसार महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर का दीक्षांत समारोह 3 दिसम्बर, जोधपुर के जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में 9 दिसम्बर और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय में 10 दिसम्बर, जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में 16 दिसम्बर और राज़ऋषि भर्तहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर का दीक्षांत समारोह 18 दिसम्बर को होगा।

राजस्थान विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 19 दिसम्बर, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर का दीक्षांत समारोह 21 दिसम्बर को, बांसवाड़ा के गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह 22 दिसम्बर और उदयपुर के महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 23 दिसम्बर को होगा।

————

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल